# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT

दिनांक : 28.03.2022

## बैठक की कार्यवाही

विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों (बी0ए0, बी0एससी0, बी0कॉम0) में सत्र 2021–22 से अध्यादेश दिनांक 17.12.2021 द्वारा नई शिक्षा नीति, 2020 लागू की जा चुकी है। मा0 परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 23.03.2022 के मद संख्या–17 के संकल्प में सैद्धान्तिक परीक्षा, आन्तरिक परीक्षा, प्रयोगात्मक परीक्षा में न्यूनतम अंकों के निर्धारण तथा अंकों को सी0जी0पी0ए0 में परिवर्तित करने हेतु फार्मूला निर्मित करने एवं अन्य कतिपय बिन्दुओं पर सुझाव/संस्तुति प्रस्तुत किये जाने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया गया था :–

1. प्रो0 एम0के0 गुप्ता, संकायाध्यक्ष–विज्ञान।
2. प्रो0 हरे कृष्ण, संकायाध्यक्ष–इन्जीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी।
3. डॉ0 एस0के0 त्यागी, प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र।
4. सहायक कुलसचिव (गोपनीय)।

गोपनीय विभाग के पत्र संख्या–गोप0/264(A), दिनांक 28.03.2022 के अनुक्रम में उक्त गठित समिति की दिनांक 28.03.2022 को बैठक आहूत की गयी जिसमें समिति के उक्त सभी सदस्य उपस्थित रहे। समिति द्वारा सभी बिन्दुओं पर गहन विचार–विमर्श किया गया तथा समिति निम्नलिखित संस्तुति/सुझाव पर एकमत है :–

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में स्नातक पाठ्यक्रमों में निम्नलिखित 10 पॉइंट ग्रेडिंग प्रणाली लागू की जाये। यह ग्रेडिंग प्रणाली यूजीसी के दिशा निर्देशों पर आधारित है :–

तालिका–1 (Table-1)

| लेटर ग्रेड | विवरण | अंको की सीमा | ग्रेड पॉइंट |
|---|---|---|---|
| O | Outstanding | 91-100 | 10 |
| $A^+$ | Excellent | 81-90 | 9 |
| A | Very good | 71-80 | 8 |
| $B^+$ | Good | 61-70 | 7 |
| B | Above Average | 51-60 | 6 |
| C | Average | 41-50 | 5 |
| P | Pass | 33-40 | 4 |
| F | Fail | 0-32 | 0 |
| AB | Absent | Absent | 0 |
| Q | Qualified | | |
| NQ | Not Qualified | | |

2. **उत्तीर्ण प्रतिशत**

2.1 Qualifying पेपर्स में Qualified के लिए Q ग्रेड तथा Not Qualified के लिए NQ ग्रेड दिया जायेगा।

2.2 उपरोक्त तालिका में मुख्य एवं माइनर विषयों का प्रत्येक कोर्स/पेपर (थ्योरी एवं प्रेक्टिकल सभी) Credit course है तथा इन सभी का उत्तीर्ण प्रतिशत अब तक प्रचलित 33 प्रतिशत ही होगा।

2.3 छः सह–पाठ्यक्रम कोर्स (co-curricular courses) तथा तृतीय वर्ष में लघु शोध (Minor project) Qualifying हैं तथा इनके उत्तीर्णांक 40% होगें।

